पत्रिका

नेपा लिमिटेड

नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

# पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी संस्थान की असली ताकत

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। नेपा लिमिटेड के सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सीएमडी वढेरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल और मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने संयुक्त रूप से किया।

सीएमडी अरविंद वढेरा ने कहा कि सतर्कता केवल किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि छोटी छोटी अनियमितताएं ही बड़े भ्रष्टाचार का रूप लेती हैं, इसलिए हर कर्मचारी को आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने जागरूकता को एक सतत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से ही संस्थान का विकास संभव है।



नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने कहा कि नेपा जैसी संस्थाएं समाज के लिए आदर्श हैं और यहां के कर्मचारी यदि सतर्कता को जीवन का हिस्सा बना लें तो यह नगर के विकास में भी नई ऊर्जा भर सकता है। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि जागरूकता केवल शब्द नहीं, यह संगठन संस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता से ही टीमवर्क का असली अर्थ साकार होता है।

## विजेताओं को किया पुरस्कृत


शालेय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय से हिमांशु पाटिल, वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल से पूर्वा लोखंडे, सरस्वती शिशु मंदिर से रोहिणी सोलंकी, सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल से भावना पटेल और पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से दीपिका बाविसकर को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। सतर्कता नारा लेखन प्रतियोगिता में आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी को प्रथम पुरस्कार मिला जबकि संयुक्त रूप से सीएमडी सचिवालय के शिरीष येलवनकर और कार्मिक विभाग की सुषमा गौर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

04/11/2025 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

नेपा लिमिटेड में जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन, सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

# सतर्कता हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी अरविंद वढेरा ने की। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, निदेशक वित्त प्रदीप नाइक, नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएमडी ने कहा कि सतर्कता किसी विभाग की नहीं हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्य के हर स्तर पर जागरूकता को अपना संस्कार बनाएं। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि सतर्कता केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण की शुद्धता है। छोटी-छोटी अनियमितताएं ही बड़े भ्रष्टाचार का रूप लेती हैं। इसलिए हर कर्मचारी को आत्म नियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना चाहिए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती पाटिल ने कहा कि नेपा मिल जैसी संस्थाएं समाज के लिए आदर्श हैं और यहां के कर्मचारी यदि सतर्कता को जीवन का हिस्सा बना लें तो यह नगर के विकास में भी नई ऊर्जा भर सकता है।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर पुरस्कारों के साथ विजेता। ● नईदुनिया

**ये विजेता किए गए सम्मानितः** जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि शालेय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय से हिमांशु पाटिल, वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल से पूर्वा लोखंडे, सरस्वती शिशु मंदिर से रोहिणी सोलंकी, सिटीजन स्कूल से भावना पटेल और पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से दीपिका बाविसकर को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सतर्कता नारा लेखन में आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी को प्रथम पुरस्कार दिया। सीएमडी सचिवालय के शिरीष येलवनकर और कार्मिक विभाग की सुषमा गौर को द्वितीय, विभागीय पुरस्कार श्रेणी में उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी तथा क्रय नीति और प्रशिक्षण में योगदान हेतु वाणिज्य विभाग के नीलेश पाटिल, सपना दुबे, ईशान व्यास और गिरीश वर्मा को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 4 Nov 2025

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

# ईमानदारी और पारदर्शिता नेपा लिमिटेड की ताकत

**स्वदेश समाचार ■ बुरहानपुर**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन हुआ। अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) ने की। कार्यक्रम की थीम रही जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी।

सीएमडी वढेरा ने कहा कि, सतर्कता किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदारी किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है।

मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस) ने कहा कि छोटी अनियमितताएं ही बड़े भ्रष्टाचार में बदलती हैं, इसलिए हर कर्मचारी को आत्मनियंत्रण और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने आर्थिक अनुशासन को संस्थान की रीढ़ बताया, वहीं नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने कहा कि नेपा जैसी संस्थाएं समाज के लिए आदर्श हैं, यदि कर्मचारी सतर्कता को जीवन का हिस्सा बनाएं तो यह नगर विकास में नई ऊर्जा लाएगा। मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि ईमानदारी संगठन संस्कृति की आत्मा है। समापन अवसर पर निबंध, नारा लेखन और विभागीय पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय के हिमांशु पाटिल, मेमोरियल स्कूल की पूर्वा लोखंडे, और आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी सहित कई विद्यार्थियों व कर्मचारियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया, आभार उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत

# भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटिल के नेतृत्व में की आतिशबाजी



दैनिक भास्कर बुरहानपुर 04-11-2025

पुरस्कार वितरण समारोह • नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के समापन पर हुआ कार्यक्रम

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिला सम्मान

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। नेपा लिमिटेड के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सीएमडी वढेरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल और मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने संयुक्त रूप से किया।

इस वर्ष की थीम जागरुकता हमारी साझा जिम्मेदारी पर बोलते हुए सीएमडी वढेरा ने कहा सतर्कता केवल किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया

कि पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्य के हर स्तर पर जागरुकता को अपना संस्कार बनाएं ताकि संस्था की विश्वसनीयता और मजबूत हो। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि सतर्कता केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण की शुद्धता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी अनियमितताएं ही बड़े भ्रष्टाचार का रूप लेती हैं। इसलिए हर कर्मचारी को आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने जागरुकता को एक सतत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से ही संस्थान का विकास संभव है। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा आर्थिक अनुशासन और पारदर्शिता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय ईमानदारी से संस्थान की विश्वसनीयता और स्थायित्व दोनों बढ़ते हैं। नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने कहा कि नेपा जैसी संस्थाएं समाज के लिए आदर्श हैं और यहां के कर्मचारी यदि सतर्कता को जीवन का हिस्सा बना लें, तो यह नगर के विकास में भी नई ऊर्जा भर सकता है। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि जागरुकता केवल शब्द नहीं, यह संगठन संस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता से ही टीम वर्क का असली अर्थ साकार होता है। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी, अधिकारी, कर्मचारी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ के पदाधिकारी, नगर के नागरिक, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य और विद्यार्थी मौजूद थे।

## कार्यक्रम में प्रतिभागियों का किया सम्मान

कार्यक्रम में शालेय स्तर पर आयोजित निबंध स्पर्धा में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। केंद्रीय विद्यालय से हिमांशु पाटिल, निजी स्कूल से पूर्वा लोखंडे, रोहिणी सोलंकी, भावना पटेल और पीएमश्री उमा विद्यालय से दीपिका बाविस्कर को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया। सतर्कता नारा लेखन स्पर्धा में आईटी विभाग के मो. इलियास सिद्दीकी को प्रथम पुरस्कार मिला जबकि संयुक्त रूप से सीएमडी सचिवालय के शिरीष येलवनकर और कार्मिक विभाग की सुषमा गौर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विभागीय पुरस्कार श्रेणी में उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी, तथा क्रय नीति अद्यतन और प्रशिक्षण में योगदान हेतु वाणिज्य विभाग के निलेश पाटिल, सपना दुबे, ईशान व्यास और गिरीश वर्मा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन
# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिला सम्मान

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। नेपा लिमिटेड के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सीएमडी वढेरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व



सेवा,निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक,नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल और मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने संयुक्त रूप से किया। इस वर्ष की थीम 'जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी' पर बोलते हुए सीएमडी अरविंद वढेरा ने कहा कि सतर्कता केवल किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता,ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी संस्थान की असली ताकत होती है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्य के हर स्तर पर जागरूकता को अपना संस्कार बनाएं,ताकि संस्था की विश्वसनीयता और मजबूत हो। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि सतर्कता केवल नियमों का पालन नहीं,बल्कि सोच और दृष्टिकोण की शुद्धता है। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी अनियमितताएं ही बड़े भ्रष्टाचार का रूप लेती हैं,इसलिए हर कर्मचारी को आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने जागरूकता को एक सतत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से ही संस्थान का विकास संभव है। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि आर्थिक अनुशासन और पारदर्शिता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय ईमानदारी से संस्थान की विश्वसनीयता और स्थायित्व दोनों बढ़ते हैं। नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने कहा कि नेपा जैसी संस्थाएं समाज के लिए आदर्श हैं,और यहां के कर्मचारी यदि सतर्कता को जीवन का हिस्सा बना लें, तो यह नगर के विकास में भी नई ऊर्जा भर सकता है। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि जागरूकता केवल शब्द नहीं,यह संगठन संस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता से ही टीमवर्क का असली अर्थ साकार होता है। कार्यक्रम में शालेय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय से हिमांशु पाटिल,ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल से पूर्वा लोखंडे,सरस्वती शिशु मंदिर से रोहिणी सोलंकी, सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल से भावना पटेल और पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से दीपिका बाविसकर को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। सतर्कता नारा लेखन प्रतियोगिता में आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी को प्रथम पुरस्कार मिला,जबकि संयुक्त रूप से सीएमडी सचिवालय के शिरीष येलवनकर और कार्मिक विभाग की सुषमा गौर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विभागीय पुरस्कार श्रेणी में उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी,तथा क्रय नीति अद्यतन और प्रशिक्षण में योगदान हेतु वाणिज्य विभाग के निलेश पाटिल,सपना दुबे,ईशान व्यास और गिरीश वर्मा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी,नेपा मिल्स श्रमिक संघ के पदाधिकारीगण,नगर के नागरिक,विभिन्न शालाओं के प्राचार्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी संस्था की असली ताकत होती है: अरविंद वढेरा



समारोह में पुरस्कृत करते हुए।

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की।

इस वर्ष की थीम जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी पर बोलते हुए सीएमडी वढेरा ने कहा कि सतर्कता किसी विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा ही संस्थान की असली ताकत हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि सतर्कता केवल नियम पालन नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण की शुद्धता है। छोटी-छोटी अनियमितताएं बड़े भ्रष्टाचार का रूप लेती हैं, इसलिए आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना से कार्य करना चाहिए। निदेशक वित्त प्रदीप नाइक ने कहा कि वित्तीय पारदर्शिता और अनुशासन ही किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती पाटिल ने कहा कि नेपा जैसी संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि सतर्कता शब्द नहींए बल्कि संगठन संस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए। शालेय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं हिमांश पाटिल केंद्रीय विद्यालय, पूर्वा लोखंडे ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल, रोहिणी सोलंकी सरस्वती शिशु मंदिर, भावना पटेल सिटीजन स्कूल और दीपिका बाविसकर पीएमश्री स्कूलद्ध को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सतर्कता नारा लेखन प्रतियोगिता में मोहम्मद इलियास सिद्दीकी आईटी विभाग को प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि शिरीष येलवनकर सीएमडी सचिवालय और सुषमा गौर कार्मिक विभाग को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

विभागीय पुरस्कारों में उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी, निलेश पाटिल, सपना दुबे, ईशान व्यास और गिरीश वर्मा वाणिज्य विभाग को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल और मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन मौजूद रहे।